हल्की बारिश से शहर तरबतर, गड्ढों से जनता और वाहन चालक परेशान

- सवारी में निकलने वाली है, चारों तरफ सड़कों की खुदाई बनी बड़ी चुनौती, अफसरों ने संभाला मोर्चा

उज्जैन। अभी मानसून ने प्रदेश में पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है और यह केवल प्री-मानसून की हल्की बारिश है, इसके बावजूद शहर की सड़कें और नालियां उफान पर आ गईं। कई कॉलोनियां जलमग्न हो गईं, जबकि निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। थोड़ी सी बारिश में ही शहर के अनेक मार्गों पर जलभराव की स्थिति बनने से आम नागरिकों का आवागमन प्रभावित हुआ। टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर वाहन गड्ढों में फंसते नजर आए तथा दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई।

वर्तमान में सिंहस्थ-2028 के तहत शहर में सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण, विस्तारीकरण और विभिन्न निर्माण कार्य बड़े पैमाने पर चल रहे हैं। ऐसे में नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को आगामी भारी वर्षा को देखते हुए व्यापक कार्ययोजना तैयार करनी होगी। सड़क चौड़ीकरण कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वर्षा की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कार्यों का चरणबद्ध और वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जाए, जिससे आमजन को न्यूनतम असुविधा हो और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी बनी रहे। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सवारी के तहत निगमायुक्त गंभीर

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार रात्रि कंठाल चौराहे से छत्री चौक तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। आयुक्त ने महाकाल की राजशाही सवारी से पहले कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित कर तेजी से काम किया जाए। कंठाल चौराहे से सती गेट तक हटाए गए मकानों का मलबा तत्काल हटाने तथा बारिश को देखते हुए मार्ग पर चूरम बिछाने के निर्देश भी दिए गए। इधर सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त आशीष सिंह तथा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान सभी निर्माण स्थलों पर सुरक्षा, जल निकासी और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।

नगर निगम आयुक्त ने लगाई 5 लाख की पेनल्टी

निरीक्षण में सती गेट से सराफा मार्ग पर प्रीकास्ट ड्रेन निर्माण कार्य धीमी गति से पाया गया तथा पेवर ब्लॉक कार्य स्थल पर पर्याप्त श्रमिक नहीं मिले। इस पर नाराजगी जताते हुए निगम आयुक्त ने निर्माण एजेंसी पर 5 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई। उन्होंने छोटा सराफा से छत्री चौक तक नाली निर्माण कार्य में तेजी लाने, चिन्हित भवनों की तुड़ाई शीघ्र पूर्ण करने तथा सती गेट क्षेत्र में स्थानीय रहवासियों के समन्वय से कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

नवआरक्षकों को पढ़ाया लोगों से व्यवहार का पाठ

- अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन झोन राकेश गुप्ता ने समझाया

उज्जैन। विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण रवि कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं उप पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण मनीष अग्रवाल के निर्देशन में प्रदेश के सभी पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में ऐतिहासिक रूप से एक साथ नव आरक्षकों का प्रशिक्षण सत्र 23 जून 2026 को आरंभ हुआ।

इसी तारतम्य में पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन में 23 जून को नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र क्रमांक 6 आरम्भ हुआ। जिसमें प्रदेश के 25 जिलों से 606 नव आरक्षक प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हुए हैं। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता ने किया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत प्रभारी पुलिस अधीक्षक नंदकिशोर मालवीय ने प्रशिक्षु नव आरक्षकों की ओर से नव आरक्षक दीपक कंसाना के द्वारा किया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक नंदकिशोर मालवी के द्वारा संस्था के प्रशिक्षण एवं अन्य सामाजिक सरोकार गतिविधियों के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राकेश गुप्ता के द्वारा प्राशिक्षुओं को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश पुलिस में चयनित होकर प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की एवं मार्गदर्शित करते हुए बताया कि समाज में पुलिस की छवि आपके व्यवहार, आपकी वर्दी के पहनावे से, समाज में सहयोगात्मक व्यवहार से उच्च होती है। आप देशभक्ति जन सेवा के साथ मन में समाज की सेवा का भाव रखें, कर्त्तव्य के प्रति समर्पित रहें। किसी भी परिस्थिति में अमर्यादित व्यवहार से बचना चाहिए। सिंहस्थ एवं अन्य बड़े धार्मिक आयोजनों में पुलिस की ड्यूटी विभिन्न आयामों की होती जनता से आपका प्रत्यक्ष संपर्क होता है। जनता की मदद करने के लिए पुलिस एक अच्छा माध्यम है आप सभी अनुशासन कर्मठता के साथ प्रशिक्षण में सिखाई गई सभी बातों को अच्छे से सीखे एवं अपने प्रोफेशनल करियर में आत्मसात करें। आभार उपपुलिस अधीक्षक शैलजा भदौरिया ने माना।

इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक शशि वर्मा, निरीक्षक नितिन अमलावत, निरीक्षक मेवाराम राजोरिया, निरीक्षक अनिल तर्दाल, निरीक्षक दिनेश पटेल, निरीक्षक सुखराम भाबर, आरक्षक बहादुर सिंह देवड़ा सहित समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर में

डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि

उज्जैन। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अग्रदूत श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद राजा भाऊ महाकाल मंडल के वार्ड क्रमांक 52, बूथ क्रमांक 202 पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प को स्मरण किया। इस अवसर पर नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश यादव, मंडल प्रभारी पंकज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, महामंत्री कुलदीप पांचाल, बूथ अध्यक्षसुषमा मथुरिया, वरिष्ठ नेता बाबूलाल नारवाले, सैमसन दास, राधेश्याम परमार, मोहनलाल गौड़, भागीरथ मालवीय, वार्ड संयोजक संजय जायसवाल, जितेंद्र राव, अभिषेक, प्रमोद चम्पावत, यादव सिंह मथुरिया, जाकिर पठान, शुभम चौहान, अनवर पटेल, रामलाल परमार, आकाश पाल, गोपाल जी, प्रदीप सिंह, उमेश जी, सोमेश सक्सेना, प्रशांत जायसवाल, अशोक पोरवाल अध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी अजहरुद्दीन शाह ने दी।

राधा-कृष्ण मंदिर में 1 क्विंटल आम का भोग

उज्जैन। धार्मिक नगरी अवंतिका के सिंहपुरी ब्रजेश्वर गली स्थित अति प्राचीन श्री राधा-कृष्ण मंदिर में सोमवार को आम्र मनोरथ महोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान को एक क्विंटल 11 किलो से अधिक विभिन्न तरह के आमों का विशेष भोग लगाया गया। आयोजन के तहत भगवान राधा-कृष्ण का आकर्षक श्रृंगार किया गया और पूरे मंदिर को फूलों से सजाया गया। इसके पश्चात महाआरती संपन्न हुई। यह मंदिर पुष्टिमार्गीय वल्लभ संप्रदाय से संबंधित है। यहां वर्षों से ज्ञानी एवं उपाध्याय परिवार द्वारा ब्रजेश्वर लाल जी की सेवा पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार की जा रही है। नित्य पूजा क्रम के साथ ही इस मंदिर में वर्ष भर होली उत्सव, फूल श्रृंगार, नौका विहार और चंदन चोली सहित कई धार्मिक आयोजन होते हैं। सोमवार को हुए आम्र मनोरथ के दौरान पुजारी पंडित दिलीप ज्ञानी, पं. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रदीप उपाध्याय, किशोर ज्ञानी, अजय ज्ञानी, उत्सव त्रिवेदी, कृष्णा व्यास, विशेष व्यास, उत्कर्ष जोशी, राजेश दुबे, आक्षि और मुस्कान सहित ज्ञानी एवं उपाध्याय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

गौसेवा कर किया, सीए बनीं कानन का सम्मान

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तिलकेश्वर गौशाला में सेवा और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जीवनदीप परिवार व महिला विंग ने नाहर का स्वागत करने के साथ ही समाज की प्रतिभाशाली बेटी कुमारी कानन जैन के चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने पर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नारायण यादव, अशोक कोठारी, अशोक जैन मुन्ना सरकार, प्रदीप पीपाड़ा, रजत मेहता सहित जीवनदीप महिला विंग की सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने गौमाता को हरा चारा व गुड़ खिलाकर गौरक्षा का संकल्प लिया। आयोजन में नारायण यादव ने महेंद्र नाहर का सम्मान किया। वहीं, कुमारी कानन जैन की उपलब्धि को समाज के लिए गौरव बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अंत में सभी ने समाजहित में निरंतर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जोशी की दो पुस्तकों का विमोचन आज

उज्जैन। प्रेमचंद सृजन पीठ और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला के तत्वावधान में बुधवार दोपहर एक बजे वाग्देवी भवन में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली की प्रोफेसर अंशु जोशी की दो सद्य: प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। उज्जैन की बेटी प्रोफेसर जोशी जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में पदस्थ हैं। इस आयोजन में उनकी पुस्तक वैश्विक राजनीति 2025 और लाल दीवारें सफेद झूठ का विमोचन होगा। प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य वरुण गुप्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य डॉ. दीपिका गुप्ता, आचार्य डॉ. जगदीशचंद्र शर्मा और समाजशास्त्र अध्ययनशाला के संकाय सदस्य डॉ. योगेश कुल्मी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीशकुमार सिंह करेंगे।

जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच चले तलवार-डंडे

- चिंतामण थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है

उज्जैन। मानसून की दस्तक के बाद खेतों में फसल बोने और अपने हिस्से की जमीन को लेकर विवाद के मामले सामने आने लगे हैं। ग्राम नवेली में दो पक्षों के बीच तलवार डंडे निकल आए। तीन लोग घायल हुए हैं।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नवेली में संतोष पिता नारायण धानक और सुनील पिता गोवर्धन सिंह आंजना के बीच आधा बीघा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जो न्यायालय में विचाराधीन भी है। शहर में दो दिन से हो रही बारिश के बाद संतोष खेत पर जमीन हांकने के लिए पहुंचा था उसी दौरान सुनील आंजना का परिवार भी मौके पर आ गया। दोनों पक्षों के बीच जमीन हांकने की बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और तलवार डंडे निकल आए। विवाद में एक पक्ष से संतोष और अर्जुन घायल हुए हैं दूसरे पक्ष से सुनील आंजना को चोट लगी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

इधर भाइयों के बीच हुआ विवाद

खेत की जमीन को लेकर ग्राम मंगरोला में रहने वाले दो भाई संतोष पिता गजराज सिंह बेस और दिनेश बेस के बीच विवाद हो गया। दिनेश ने पत्थरों से हमला कर संतोष को घायल कर दिया। अस्पताल में भर्ती संतोष ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच सात बीघा जमीन थी एक बीघा जमीन बेचकर 6 बीघा जमीन का आधा-आधा बंटवारा कर लिया गया था। उसके पास तीन बीघा जमीन थी वह देवास रहने चला गया। सोमवार को वह अपनी जमीन पर खेती करने के लिए आया था इस दौरान भाई ने दूसरी जमीन पर खेती करने के लिए कहा और उसके हिस्से की जमीन भी देने की बात कही जिसको लेकर विवाद हुआ है।

तालोद में भी विवाद

चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम तालोद में इंदौर के रहने वाले रितेश पिता गोपाल पटेल और तलोद निवासी विजय पिता मोहन राठौर के बीच खेत की जमीन को लेकर विवाद हो गया। रितेश इंदौर से जमीन पर बोनी करने के लिए आया था। लेकिन विजय राठौर से उक्त जमीन का न्यायालय में विचाराधीन है।

यातायात व्यवस्था को लेकर ऑटो और ई-रिक्शा संघ की बैठक

उज्जैन। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से आज में उप पुलिस अधीक्षक यातायात दिलीप परिहार व थाना प्रभारी यातायात इन्द्रपाल सिंह की उपस्थिति में ऑटो एवं ई-रिक्शा संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात के सुचारू संचालन एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत हरी फाटक क्षेत्र से बेगमबाग होते हुए नीलकंठ द्वार की ओर ऑटो एवं ई-रिक्शा का संचालन नहीं किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। बैठक में उपस्थित ऑटो एवं ई-रिक्शा संघ के पदाधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में यातायात पुलिस के अधिकारीगण एवं ऑटो-ई रिक्शा संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मालीपुरा और लाल मस्जिद की दो दुकानों से उड़ाई हजारों की नकदी

उज्जैन। मालीपुरा से लाल मजिस्द की ओर जाने वाले मार्ग पर रात में 2 दुकानों में चोरों ने धावा बोला। सुबह वारदात का पता चलाने पर पुलिस जांच के लिये पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है। चोरों ने दुकानों से हजारों रुपए नगद चोरी किए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के गोथरवाल टेलर्स और राजेश इलेक्ट्रिक शोरूम संचालक सोमवार सुबह दुकान पहुंचे और शटर खोला तो काउंटर पर सामान अस्त-व्यस्त दिखाई दिया। गल्ले खुले थे, जिसमें रखी नगद राशि गायब थी। दुकान में देखने पर पता चला कि चोरों ने छत के रास्ते धावा बोला था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि इलेक्ट्रिक दुकान से करीब 50 हजार रूपये नगद और टेलर्स के यहां से 20 से 25 हजार रूपये नगद चोरी हुए है। कुछ कीमती सामान भी चोर ले गये थे। पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किए हैं।

सोमवार तक किसी शिकायत नहीं की

फिलहाल सोमवार शाम तक दोनों दुकानदारों द्वारा मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस जांच पूरी होते ही मामला दर्ज किया जाएगा। बताया जा रहा है कि चोरों की संख्या 2 से अधिक हो सकती है, रात में वह पास के मकान से चढ़कर दुकानों तक पहुंचे थे।

डबरी में दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत

- भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रलायता भोजा में शासकीय डबरी का मामला

उज्जैन। खेत के पास बनी शासकीय डबरी में मंगलवार शाम नहाने उतरे दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने दोनों के शव खोज कर बाहर निकले। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रलायता भोजा में शासकीय डबरी बनी हुई है। कुछ समय पहले ही डबरी का गहरी करंट किया गया था। करीब 30 फीट से ज्यादा गहरी डाबरी में मंगलवार शाम 4 के लगभग रितेश पिता भगवान बागरी 15 साल और उसका चचेरा भाई आयुष पिता भेरुलाल बागरी 11 साल निवासी रलायता भोजा अपने खेत से पास की डबरी पहुंचे और नहाने के लिए उतर गए। दोनों को गहराई का भान नहीं था और तैरना भी ठीक से नहीं आता था। बीच मे जाने पर दोनों सांस फूल गई और वह डूबने लगे। कुछ ग्रामीणों ने उन्हें देखा तो शोर मचाया लेकिन दोनों गहराई में जा चुके थे। दोनों के परिवार को सूचना दी गई और गांव वालों को बुलाया गया। 1 घंटे की तलाश के बाद दोनों को बाहर निकल गया और अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर दोनों भाइयों देर शाम पोस्टमार्टम कराये। परिजनों ने बताया कि रितेश कक्षा आठवीं का छात्र था और आयुष कक्षा पांचवी में पढ़ता था। परिवार खेती किसानी के साथ मजदूरी का काम करता है।

चोरी के बाद 40 लाख के माल का कर लिया था बंटवारा

- 7 दिन बाद हिरासत में आया एक आरोपी, 2 की तलाश

उज्जैन। नागदा में प्रॉपर्टी डीलर के मकान में हुई 40 लाख की चोरी में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर आभूषण और नगद राशि का बंटवारा कर लिया था। विरासत में आरोपी के हिस्से की राशि और आभूषण पुलिस ने बरामद किए हैं दो साथियों की तलाश जारी है।

नागदा थाना पुलिस ने बताया कि सुनील नगर में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद आजाद मंसूरी के सूने मकान में 14-15 जून की रात चोरी की बड़ी वारदात हो गई थी अज्ञात बदमाश 40 लाख के आभूषण और नगदी चुरा कर ले गए थे। मामले में प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की गई थी और नागदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से निकले हाईवे मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए थे। बाइक सवार तीन संदिग्ध दिखाई दिए जिनकी तलाश शुरू की गई। सप्ताहभर बाद चोरी में शामिल मुख्य आरोपी रतलामसिंह उर्फ रत्तु 26 वर्ष निवासी ग्राम सिगनुर, थाना गोगांवा, जिला खरगोन को सनावद से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने दो सहयोगियों दीपक सिकलीगर और शिवराज पिता हरपाल निवासीगण गंदवानी धार के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया है।

फरार आरोपियों की तलाश में टीम धार भेजी है

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी के अनुसार हिरासत में आए आरोपी की निशानदेही पर 6 लाख रुपए कीमत आभूषण और 70,000 रुपए नगद बरामद कर लिए गए हैं। चोरी के शेष आभूषण और नगदी फरार साथियों की गिरफ्त में आने पर बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम धार रवाना की गई है।

पत्रकारों की एकता-सम्मान और संवाद का बनेगा सशक्त मंच बनेगा जिला सम्मेलन

- मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन कल

उज्जैन। बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में 25 जून को पत्रकारिता जगत का एक महत्वपूर्ण आयोजन होने जा रहा है। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन शिवांजलि गार्डन, नीलगंगा चौराहा पर किया जा रहा है। सम्मेलन में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पत्रकार, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

शुभारंभ गुरुवार 25 जून को प्रात: 11.30 बजे से होगा। आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों को एक मंच पर लाकर उनके अधिकारों, चुनौतियों, सामाजिक दायित्वों तथा बदलते मीडिया परिदृश्य पर सार्थक संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन एवं विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन के उपरांत सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं सहभागी जन के लिए सहभोज की व्यवस्था भी की गई है।

सम्मेलन में इनका होगा सानिध्य प्राप्त

सम्मेलन में संत समाज का भी विशेष सान्निध्य प्राप्त होगा। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के शैलेशानंद गिरि महाराज, प्रसिद्ध रामकथा व्यास पं. सुलभ शांतु गुरु, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी तथा प्रेस क्लब उज्जैन के अध्यक्ष नंदलाल यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया ने बताया कि वर्तमान समय में पत्रकारिता अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में पत्रकारों के हितो की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा मीडिया के बदलते स्वरूप पर गंभीर मंथन के लिए यह सम्मेलन महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम में पत्रकारों के सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे ताकि संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाया जा सके।

दत्त अखाड़ा पर वैदिक गुरुकुलम के विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामघाट स्थित दत्त अखाड़ा के संस्कृति वैदिक गुरुकुलम में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुरुकुल के संचालक आचार्य संजय गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को योग के स्वास्थ्य लाभ और भारतीय संस्कृति में योग की प्राचीन परंपरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह आयोजन दत्त अखाड़ा के महंत पीर सुंदर पुरी जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। इस अवसर पर महंत पीर सुंदर पुरी जी महाराज ने विद्यार्थियों से नियमित योग करने का आग्रह किया। उन्होंने बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों और वहां उपस्थित सभी लोगों द्वारा योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

भाजपा ने किया संगठन का विस्तार

- उज्जैन के 5 नेताओं को मिली प्रदेश कार्यसमिति में नई जिम्मेदारी

उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने और आगामी सांगठनिक कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति का विस्तार किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के अनुमोदन के बाद मंगलवार को जारी अधिकारिक सूची में उज्जैन के 5 प्रमुख पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस सांगठनिक विस्तार के तहत उज्जैन के वरिष्ठ नेता वासु केसवानी को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही, वरिष्ठ नेता जगदीश अग्रवाल को उनकी वरिष्ठता और अनुभव को देखते हुए स्थायी आमंत्रित सदस्य का दायित्व सौंपा गया है। संगठन ने अन्य जिलों में प्रभारी के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे उज्जैन के तीन अन्य नेताओं—पं. धनंजय शर्मा, पं. विवेक जोशी और प्रभुलाल जाटवा को प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया है। नवभारत न्यूज से चर्चा में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बताया कि इन नियुक्तियों का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय को बढ़ाना और संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करना है। नई जिम्मेदारी मिलने पर सभी नव-मनोनीत पदाधिकारियों ने केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया है।

महाकाल मंदिर में भक्त बलेसरा के साथ पत्नी सीता देवी, पुत्र गोविंद व सीताराम, ममता, सुमन मौजूद रहे

महाकाल को चढ़ाया 3 लाख 25 हजार रुपए का चांदी का छत्र

उज्जैन। महाकाल मंदिर में जयपुर राजस्थान के भक्त भागचंद बलेसरा ने चांदी का छत्र अर्पित किया। बताया जाता है कि उक्त 1 किलो 300 ग्राम चांदी से निर्मित होकर अत्यंत सुंदर और कलात्मक रूप से तैयार किया गया है।

इस खास मौके पर भक्त बलेसरा के साथ उनकी धर्मपत्नी सीता देवी, पुत्र गोविंद व सीताराम, पुत्री ममता, सुमन और अनिता तथा पौत्र महावीर बलेसरा भी मौजूद थे। छत्र की बाजार कीमत 3.25 लाख रुपए बताई जाती है। मंदिर में पंडे-पुजारियों ने छत्र का पूजन कर गर्भगृह में भगवान को अर्पित करने के बाद मंदिर समिति को सोपा। समिति ने दानदाता श्रद्धालु परिवार का सम्मान किया। महाकाल मंदिर पुजारी मनोज शर्मा ने बताया कि बाबा के दरबार में आने वाले अनेक श्रद्धालु अपनी मुराद पुरी होने पर सोने-चांदी के आभूषण भगवान को अर्पित करते हैं।

महाकाल के बाहर वीआईपी कल्चर के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन

महाकाल मंदिर के गर्भगृह व नंदीहाल आदि स्थानों पर वीआईपी दर्शन के नाम पर चल रही धांधली और आम भक्तों के साथ हो रहे छलावे के विरोध में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता मंदिर के निर्माल्य गेट के बाहर एकत्रित हुए और मंदिर समिति व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मंदिर में पूरी तरह से वीआईपी कल्चर को समाप्त कर सभी को सुलभता के साथ समान दर्शन कराने सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर ज्ञापन भी दिया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने यहां अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करने हेतु हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। उल्लेखनीय है कि आए दिन गर्भगृह में प्रवेश बंद के बावजूद कई वीआईपी लोग अंदर से दर्शन पूजन करते देखे जाते है जिससे आम भक्तों में नाराजगी रहती है कि उनके साथ मंदिर समिति व प्रशासन के द्वारा पक्षपात क्यो किया जा रहा है। आखिर एक मंदिर में दो तरह के दर्शन की व्यवस्था क्यों चल रही है।